प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

गृह विज्ञान महाविद्यालय में एल्यूमनी एसोशियन द्वारा कार्यक्रम आयोजित

पंतनगर 13 अक्टूबर 2022। विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय में बैच 1971–1972 के 12 एल्यूमनी ने नई दिल्ली, गुड़गांव देहरादून, बरेली, अमरोहा, रूद्रपुर एवं गाजियाबाद से कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम का आयोजन गृह विज्ञान महाविद्यालय एल्यूमनी एसोशियन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में गृह विज्ञान महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों सहित लगभग 30 लोगों ने प्रतिभाग किया। 1971–1972 बैच के एल्यूमनी ने तत्कालीन शिक्षकों के साथ 'सामुदायिक विज्ञान शिक्षा/गृह विज्ञानः उद्यमिता विकास हेतु एक उभरता हुआ क्षेत्र' विषय पर संवाद किया। इस अवसर पर एल्यूमनी ने अधिष्ठात्री, गृह विज्ञान महाविद्यालय, डा. अल्का गोयल को सरस्वती प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पूर्व अधिष्ठात्री, गृह विज्ञान महाविद्यालय, डा. रीता सिंह रघुवंशी तथा अधिकारी एवं प्राध्यापक उपस्थित रहें।

कार्यक्रम में एल्यूमनी द्वारा सरस्वती प्रतिमा भेंट करते।